हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 26 सितंबर 2025


तापमान

अधिकतम 36 .4 डिग्री
न्यूनतम 23 .5 डिग्री


13 ज्योति ने अंजलि को हरा सेमीफइनल में पहुंची





14 मोक्ष वृद्धाश्रम में नवरात्रों में बुजुर्गों को बड़े पर्दे पर दिखाई जा रही रामायण




# हिसार में 1 लाख 25 हजार पात्र महिलाओं को मिलेगा लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ

■ एप से बढ़ेगी पारदर्शिता और बिचौलियों से मिलेगा छुटकारा, हर पात्र परिवार को मिलेगा सीधा लाभ

## मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने एचएयू के इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम में किया शुभारंभ, महिला सशक्तिकरण में अहम कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के ऐप शुभारंभ अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने मुख्य अतिथि और नलवा विधायक रणधीर सिंह पनिहार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। पंचकूला में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। जिले के सभी उपमंडलों में भी लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना सरकार का माताओं, बहनों और बेटियों के भविष्य को सुरक्षित और सशक्त बनाने में ऐतिहासिक कदम है। जिले में करीब 1 लाख 25 हजार पात्र महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ मिलेगा। इससे न केवल आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है बल्कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच भी विकसित कर रही है। कैबिनेट मंत्री गंगवा ने बताया कि योजना ऐप लॉन्च होने से यह योजना पारदर्शी और सरल बनेगी तथा हर परिवार तक बिना किसी बिचौलिये के लाभ सीधे पहुंचेगा। कार्यक्रम में सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के कलाकारों द्वारा सरकार की योजनाओं बारे भी उपस्थित जन को अवगत करवाया।



### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर नलवा विधायक रणधीर पनिहार, अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा, पूर्व मंत्री अनूप धानक, हिसार जिलाध्यक्ष आशा खेदड़, कोषाध्यक्ष अशोक मित्तल, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, जिला कल्याण अधिकारी दीपिका सारसर, हिसार द्वितीय खंड समिति चेयरमैन अजय गावड़, जिला पार्षद ओपी मालिया, राजकुमार इंदौरा, रामदेव आर्य, कृष्ण सरसाना सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### इन स्वास्थ्य केंद्रों का उद्घाटन

इस अवसर पर लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने हांसी तथा बरवाला में ब्लॉक हेल्थ सेंटर व बोबुआ तथा रावलवास कलां के सब हेल्थ सेंटर का भी लोकार्पण किया। जिला स्तरीय लाडो लक्ष्मी योजना के शुभारंभ अवसर पर एचएयू के आईजी ऑडिटोरियम में महिलाओं की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर भी लगाए गए थे। शिविर के दौरान कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने शिविर के दौरान निक्षय मित्र योजना के तहत लाभार्थियों को किट वितरित की।

## खबर संक्षेप

### साधु ने की बच्ची से छेड़छाड़, दर्ज केस

**हांसी।** एक साधु द्वारा मंदिर गई बच्ची के साथ छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने साधु पर केस दर्ज कर लिया है। आरोप है कि बच्ची घर में नई खरीदी गई भैंस का दूध चढ़ाने के लिए मंदिर गई थी जहां पुजारी ने उसे बहाने से रसोई में बुलाकर दुर्व्यवहार किया। किसी तरह बच्ची ने वहां से भागकर अपनी मां को सारी बात बताई। ग्रामीणों का कहना है कि साधु करीब तीन साल पहले मंदिर में आया था। डीएसपी विनोद शंकर ने बताया कि साधु के खिलाफ महिला थाना में पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

### हेरोइन के असल सप्लायर को दबोचा

**नारनौंद।** पुलिस ने 19 ग्राम 49 मिलीग्राम हेरोइन के सप्लाई करने वाले एक युवक को पकड़ने में सफलता हासिल की है। इसकी पहचान संदीप निवासी खरकड़ा जिला रोहतक के रूप में हुई है। सीआईए स्टाफ नारनौंद में तैनात एसआई जोगेन्द्र ने बताया कि आरोपित युवक ने कुछ दिनों पहले रमेश पुरी उर्फ बाबा निवासी गौकरण धाम गोहाना डेरा बाबा लक्ष्मण पुरी दयाल सिंह कॉलोनी हांसी को 19 ग्राम 49 मिलीग्राम हेरोइन सप्लाई की थी।

## बरवाला नगर पालिका में सीएम फ्लाइंग का औचक निरीक्षण

# नपा सचिव और अभियंता समेत कई मिले गैरहाजिर

जांच में सामने आई कई अनियमितताएं शहर में दो जगह चल रहा नपा कार्यालय कर्मचारियों और अधिकारियों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बरवाला

नगरपालिका अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही और सफाई व्यवस्था में खामियों की सूचना पर कार्रवाई करते हुए सीएम फ्लाइंग टीम ने गुरुवार सुबह औचक निरीक्षण किया। जैसे ही टीम नगरपालिका कार्यालय पहुंची, कर्मचारियों और अधिकारियों में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में कई अधिकारी व कर्मचारी ऑफिस पहुंचे। निरीक्षण का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने किया। उनके साथ रेडक्रॉस हिसार के सचिव रविन्द्र लोहान, एसआई जितेंद्र और एचसी विजय मौजूद रहे।

### ड्यूटी रजिस्टर में खामियां

सीएम फ्लाइंग टीम ने नगरपालिका बरवाला के ड्यूटी रजिस्टर व अन्य रिकॉर्ड की गहनता से जांच की। इस दौरान नगरपालिका सचिव प्रगति और पालिका अभियंता अनिल मोहिल ऑफिस में गैरहाजिर मिले। बाद में बताया गया कि वे स्वच्छता कार्यक्रम में शामिल होने गए थे, ऑफिस के मूवमेंट रजिस्टर में अपनी एंट्री दर्ज नहीं की थी। इसके अलावा लेखाकार नरेश कुमार और लिपिक सोमबीर छुट्टी पर पाए गए, लेकिन जांच में सामने आया कि उनकी छुट्टी किसी अधिकारी ने मंजूर नहीं की थी। जो लापरवाही मानी जा रही है। कर्मचारी ईश्वर सिंह कोर्ट में गए हुए थे लेकिन उनकी भी मूवमेंट रजिस्टर में कोई एंट्री नहीं थी। बलराज बेलदार व बिमला माली ड्यूटी से गैरहाजिर मिले। कुछ कर्मचारी देर से ऑफिस पहुंचे।





### दूसरी खामियां भी हुई उजागर

निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि नगरपालिका में सरकारी योजनाओं से संबंधित बोर्ड तक नहीं लगाए गए हैं। शहर के एक तालाब का निर्माण कार्य भी रुका हुआ है। टीम ने एनडीसी पोर्टल की गहनता से जांच की। कई अन्य कार्य पैंडिंग हैं।

### लोगों ने पार्षदों पर लगाए गंभीर आरोप

स्थानीय लोगों ने टीम को बताया कि कुछ नगरपालिका पार्षद अपने निजी आवासों पर सफाई कर्मचारियों से सफाई करवा रहे हैं। इसके अलावा कुछ सिफारिशी कर्मचारी ऐसे हैं जो केवल कागजों पर ही हाजिर दिखाए जाते हैं, जबकि वे वास्तव में ड्यूटी पर नहीं आते। टीम को मिली शिकायतों ने नगरपालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए।

### अनाज मंडी रोड व नए भवन में कार्यालय

जांच में पता चला कि नगरपालिका का कार्यालय दो जगह से चल रहा है। आधा स्टाफ अनाज मंडी रोड स्थित पुरानी बिल्डिंग में बैठता है जबकि आधा स्टाफ नई बिल्डिंग में, जिसे अभी तक ठेकेदार ने नगरपालिका को आधिकारिक रूप से हैंडओवर भी नहीं किया। इसे प्रशासनिक लापरवाही माना जा रहा है।

### डोर-टू-डोर कूड़ा उठान की पोल खुली

सफाई व्यवस्था व निरीक्षण के दौरान सीएम फ्लाइंग टीम ने शहर की सफाई व्यवस्था और डोर-टू-डोर कूड़ा उठान की भी जांच की। टीम ने पाया कि संबंधित एजेंसी द्वारा कूड़ा निर्धारित डम्पिंग स्टेशन पर डालने की बजाय गुराना रोड पर डाला जा रहा है। डम्पिंग स्टेशन पर भी कूड़े का उचित निस्तारण नहीं हो रहा था और बाहर ही ढेर लगाया गया था। बरवाला के वार्ड नंबर 6, 7 और 8 के नागरिकों ने सीएम फ्लाइंग टीम से शिकायत की कि एजेंसी उनके क्षेत्र में चार-पांच दिन में केवल एक बार ही कूड़ा उठाती है। इस वजह से गंदगी फैलती है और बीमारी का खतरा बना रहता है।

### सीएम फ्लाइंग से की कार्रवाई की मांग

लोगों ने सीएम फ्लाइंग टीम से मांग की कि जिन पार्षदों व कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई है, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाहियां न हों।सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इन्चार्ज सुनैना ने नागरिकों से बातचीत करते हुए कहा कि निरीक्षण करने के बाद इसकी जांच रिपोर्ट बनाकर आगामी कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी।



# एक दिन, एक घंटा, एक साथ करें श्रमदान : प्रवीण पोपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

हरियाणा में चल रहे हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत एक दिन, एक घंटा, एक साथ, श्रमदान में गुरुवार को नगर निगम द्वारा सेक्टर-14 क्षेत्र को साफ-सुथरा बनाने की पहल की गई। इस अभियान के तहत सेक्टर-14 स्थित कुम्हार धर्मशाला छात्रावास के नजदीक की सड़क और आस-पास के इलाके में श्रमदान किया गया। इस कार्यक्रम में मेयर प्रवीण पोपली, निगमायुक्त नीरज, अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा और वीरेन्द्र सहारण, एक्सईएन अमित कौशिक व जयबीर डूडी सहित नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी संस्थाएं और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर श्रमदान किया। इस दौरान निगमायुक्त ने खुद भी कचरा उठाकर अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर श्रमदान किया।

### चिह्नित किए स्थान

चयनित इस स्थान पर सफाई अभियान के दौरान सड़क किनारे जमा कचरे को उठाया गया और जेसीबी मशीन से जमीन को समतल किया गया। इसके अतिरिक्त स्वर्णकार धर्मशाला के सामने झाड़ियों को काटा गया और वहां की जमीन को साफ करके समतल किया गया। इसका उद्देश्य सिर्फ सफाई तक सीमित नहीं था, बल्कि लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना भी था।

### सामूहिक प्रयास करें

मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि हमें अपने शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए एकजुटता से प्रयास करने होंगे। अगर हर नागरिक हफ्ते में कम से कम एक दिन, एक घंटा, एक साथ, श्रमदान करें, तो हम हिसार को स्वच्छ और सुंदर बना सकते हैं। मेयर के पिता रामस्वरूप पोपली ने भी श्रमदान कर दूसरों को प्रेरणा दी। इस मौके पर विनोद कुमार मलिक, महेन्द्र कुमार कथुरिया, नरेंद्र चड्ढा, कमल परस, ओमप्रकाश कुकरेजा, संजय शर्मा, पारूल आहूजा, आशीष लावट, अजय जिन्दल व पूर्व पार्षद अनिल जैन शामिल रहे।

### लोहारी राघो में सवा आठ करोड़ का बिजली घर चालू

**नारनौंद।** नारनौंद सब डिवीजन के अंतर्गत आने वाले 33 केवी सब स्टेशन लोहारी राघो बिजली घर का शुभारम्भ, कार्यकारी अभियन्ता ऑपरेशन सुरेन्द्र मेहरा द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि इस सब स्टेशन के शुरु होने से लोहारी राघो गांव व उसके आस पास के उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी, ओवरलोड के कारण होने वाले कटो से मुक्ति मिलेगी। इस सब स्टेशन में पांच फीडरों का निर्माण किया गया है। इनमें लोहारी राघो डीएस, लोहारी एपी, गढ़ी अजीमा डीएस, गढ़ी एपी व बालाजी कॉटन मिल लोहारी, लोहारी राघो बिजली घर बनने से माजरा बिजली घर से लगभग 300 एम्पीयर लोड कम हो जाएगा, जिसके कारण माजरा बिजली घर भी अंडर लोड हो जाएगा। इस अवसर पर कार्यकारी अभियन्ता एम एंड पी राकेश हुड्डा, विनित पातड़, विजय कुमार, नीतीश कुमार, सुरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।



नारनौंद। बिजली सब स्टेशन का शुभारंभ करते हुए अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### हांसी पुलिस ने 5783 वाहनों के 43.91 लाख के किए चालान

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व हादसों से बचाने के लिए लेन चेंज ड्राईविंग के नियमों की उल्लघंना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस जिला हांसी द्वारा नेशनल हाईवे पर 5783 वाहनों के 43 लाख 91 हजार 500 रुपए के चालान किए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू रूप से चलाने के लिए पुलिस जिला हांसी द्वारा नेशनल हाईवे पर लेन चेंज ड्राईविंग (बांई लेन) के नियमों की उल्लघंना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस का यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## विदेश भेजने के नाम पर 17.69 लाख की ठगी, दंपत्ति गिरफ्तार

■ आस्ट्रेलिया भेजकर नौकरी दिलाने के लिए ली थी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

आजाद नगर पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर ठगी के मुख्य आरोपी दंपत्ति को गिरफ्तार किया है। दोनों को कोर्ट से रिमांड पर लिया गया है। आईओ एसआई महेंद्र सिंह ने बताया कि आजाद नगर निवासी सचिन ने बताया कि जींद निवासी हिमांशु शर्मा ने उसे ऑस्ट्रेलिया भेजने और वहां नौकरी दिलाने का झांसा देकर 17.69 लाख रुपये की ठगी की। पीड़ित ने हिमांशु को अलग–अलग बैंक खातों में 15.69 लाख यूपीआई से तथा हिमांशु के कहने पर उसके परिजनों को दो लाख नकद दिए। हिमांशु ने व्हाट्सऐप पर ऑस्ट्रेलिया का वीजा व अन्य दस्तावेज भेजे, जो जांच में फर्जी पाए गए।

### पत्नी ज्योति के खाते में मिली ठगी की राशि

आईओ ने बताया कि मामले की गहन जांच के दौरान हिमांशु शर्मा और उसकी पत्नी ज्योति के बैंक खातों में ठगी की गई राशि जमा होने की पुष्टि हुई। साथ ही यह भी पाया गया कि दो लाख रुपये नकद हिमांशु के परिजनों को दिए गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर थाना आजाद नगर में पिछले वर्ष 13 जून केस दर्ज किया था। पुलिस ने मुख्य आरोपी हिमांशु शर्मा और उसकी पत्नी ज्योति को गिरफ्तार किया है। आरोपी हिमांशु शर्मा से गहन पूछताछ जारी है और अदालत में पेश कर उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। ज्योति को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### नगर निगम ने 63 बेसहारा पशु पकड़कर भेजा गो-अभ्यारण

**हिसार।** नगर निगम की टीम ने बुधवार की रात्रि को शहर के विभिन्न हिस्सों से 63 बेसहारा पशुओं को पकड़ा गया और उन्हें गो-अभ्यारण भेज दिया गया। पशु पकड़ों अभियान के नोडल ऑफिसर सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि इस दौरान पुलिस व तहबाजारी टीम के इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा और उनकी टीम मौजूद रही। सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार शहर से बेसहारा पशुओं को पकड़ने निरंतर जारी है। बुधवार रात्रि को पुरानी सब्जी मंडी, ऑटो मार्केट, बरवाला चुंगी, नागौरी गेट, राजगढ़ रोड, पटेल नगर, मेहता नगर, रामपुरा मोहल्ला और बढ़वाली ढाणी इत्यादि क्षेत्र से 63 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण ढंढूर भेजा गया।

## चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार, ट्रैक्टर-ट्रॉली और बिजली का पूरा सामान किया बरामद

**हिसार।** अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने चोरी की वारदात को सुलझाते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर ट्रैक्टर-ट्रॉली व पूरा बिजली का सामान बरामद किया। एसएचओ विजयपाल ने बताया कि अनुपम शर्मा ने शिकायत दी थी कि मैसर्ज राम जी पावर का आरडीएसएस स्कीम के तहत शहर में कार्य चल रहा था। इस कार्य के लिए फर्म ने कुछ मजदूरों को कार्य पर लगाया हुआ था। फर्म का कीमती बिजली का सामान दो ड्रम 100 एमएम एल्युमिनियम तार (लगभग 2400 मीटर), लूज़ केबल, ग्लैवनाइज्ड लोहा आदि कुल कीमत लगभग 7 लाख एक हजार 760, ठेकेदार के ट्रैक्टर सहित सेक्टर 9-11 स्थित स्टोर में रखा गया था। तीन सितंबर को स्टोर की जांच करने पर पता चला कि 2 सितंबर की रात को हसीन, उसका भाई शहजाद, यासीन साथियों के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली व सामान चोरी कर फरार हो गए। पुलिस ने उत्तराखंड के आसफनगर निवासी यासीन व यूपी के मेरठ जिले के जस्सड़ निवासी हसीन को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से चोरी किया गया ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं पूरा बिजली का सामान बुलंदशहर जिले के किरा गांव से बरामद कर किया है।

### चोरी के सामान की खरीद वालों के खिलाफ अभियान

**हांसी।** पुलिस ने हांसी के सभी थाना प्रबन्धकों व चौकी प्रभारियों ने गुरुवार को अपने-अपने क्षेत्र में स्थित कबाड़ियों के खिलाफ जांच अभियान चलाया। कबाड़ की दुकानों की जांच कर कबाड़ व्यापारियों को किसी भी हालात में चोरी का सामान न खरीदने की हिदायत दी। दुकानों पर लगे सीसीटीवी लगवाकर उन्हीं सही स्थिति में रखने को भी कहा।

# खाद्य पदार्थों में संदूषकों की करें पहचान

■ एलएलआरयू में तीन दिवसीय कार्यशाला का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के दुग्ध रसायन विभाग की ओर से पशु चिकित्सा जन स्वास्थ्य एवं महामारी विज्ञान विभाग के सहयोग से 'खाद्य गुणवत्ता नियंत्रण और संदूषक जांच में द्रव्य क्रोमैटोग्राफी (लिक्विड क्रोमैटोग्राफी)' विषय पर एक तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला गुरुवार को शुरू हुई। यह कार्यशाला 27 सितंबर तक चलेगी।

राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. शरणगौड़ा बी. पाटिल ने कहा कि खाद्य गुणवत्ता सुनिश्चित करने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने खाद्य पदार्थों में संदूषकों की पहचान को एक अनिवार्य कदम बताया। डॉ. पाटिल ने इस बात पर विशेष बल दिया कि लिक्विड क्रोमैटोग्राफी और विशेष रूप से हाई परफॉरमेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी जैसी तकनीकें खाद्य गुणवत्ता नियंत्रण और संदूषकों की जांच में एक अपरिहार्य भूमिका निभाती हैं।



### ये बनाए गए आयोजक समिति के सदस्य

कार्यशाला के लिए गठित समिति में अनुसंधान निदेशक डॉ. नरेश जिंदल संरक्षक, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, डेयरी कैमिस्ट्री डॉ. सोनिया सिंधु आयोजन अध्यक्ष, डॉ. रूबी सिवाच सहायक प्रोफेसर, डेयरी केमिस्ट्री आयोजन सचिव, डॉ. विजय जे. जाधव, प्रोफेसर, वीपीएचई, सदस्य डॉ. तेजिंदर पाल सिंह, डॉ. वंदना चौधरी, डॉ. संदीप कुमार ढुहन, डॉ. मनेश कुमार शामिल है।

## एसपी हांसी ने मेडिकल स्टोर संचालकों के साथ की बैठक

# डॉक्टर की पर्ची के बिना दवाइयां नहीं बेचें

■ अवैध रूप से दवाईयां बेचने पर नजर रखकर करें सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हांसी

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने गुरुवार को एसपी कार्यालय में पुलिस जिला हांसी के समस्त मेडिकल स्टोर संचालकों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य नशीली दवाइयों की अवैध बिक्री पर रोक लगाना तथा साइबर अपराधों को लेकर जागरूकता फैलाना था।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने मेडिकल संचालकों को स्पष्ट हिदायत दी कि वे किसी भी स्थिति में प्रतिबंधित या नशीली दवाइयों की बिक्री न करें। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन जहां मादक पदार्थ तस्करों पर लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है, वहीं अब मेडिकल स्टोर्स की भी गहन निगरानी की जाएगी। यदि कोई संचालक नशे के व्यापार में संलिप्त पाया गया, तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि डॉक्टर की अधिकृत पर्ची के बिना दवाइयों की बिक्री पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी। पुलिस टीमें गांवों एवं शहरों में भ्रमण कर मेडिकल स्टोर का सर्वे करेंगी और संदिग्ध गतिविधियों की गहन जांच की जाएगी।



### एसपी ने किया थाना बास व पुलिस चौकी सोरखी का औचक निरीक्षण, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**नारनौंद।** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने गुरुवार को थाना बास व पुलिस चौकी सोरखी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने थाना के रिकॉर्ड, मालखाना, आपराधिक रिकॉर्ड के निरीक्षण के साथ साइबर डेस्क व महिला डेस्क की जांच की। उन्होंने थाना के मुंशी कक्ष और शस्त्रागार में रखे असलाह असलहे की जांच की। कंप्यूटर रूम के साथ वायरलेस कक्ष की भी व्यवस्था देखी। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रबंधक को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि थाना में आने वाली शिकायतों का इंद्राज कर उन पर कार्रवाई सुनिश्चित करें। अपराध नियंत्रण के लिए थाना क्षेत्र में पुलिस गश्त के फेरो में बढ़ोतरी करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### आईटीआई में मेधावी छात्रों को बांटी टूल किट

**हिसार।** राजकीय आईटीआई, तोशाम रोड में प्रार्थना सभा में मेधावी छात्र-छात्राओं को टूल किट वितरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रेम किरण ने बताया कि पिछले वर्ष के नोटिफाई तकनीकी व्यवसाय के छात्र-छात्राओं ने अपने व्यवसाय में अच्छे अंक लेकर आईटीआई का नाम रोशन किया है उन छात्र-छात्राओं को विभाग द्वारा टूल किट का वितरण किया गया। इसी कड़ी में संस्थान में सफाई अभियान, करियर काउंसलिंग जैसे कार्यक्रम भी आयोजित करवाए गए।

### स्वास्थ्य शिविर का 477 लोगों ने उठाया लाभ

**हिसार।** गांव चौधरीवास स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आर्यनगर के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोशन लाल शर्मा के पर्यवेक्षण में "स्वस्थ नारी – सशक्त परिवार" अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ग्राम पंचायत चौधरीवास के समाजसेवी संजय डालमिया, बीडीसी सदस्य मोहर सिंह व सुरजीत द्वारा किया गया। शिविर का 477 लोगों ने लाभ उठाया। शिविर में अग्रोहा मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों डॉ. मुरुगापांडी, डॉ. हिमाल्या, डॉ. धीरेज, डॉ. सुनील, डॉ. निशांत, डॉ. सौर, डॉ. पूजा तथा डॉ. तनुश्री ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी काबू

**हिसार।** सिविल लाइन पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी मोड़ाखेड़ा निवासी सचिन उर्फ चीनू को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही जयप्रकाश ने बताया कि इस संबंध में फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी संदीप कुमार ने मोटरसाइकिल चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। उसने बताया कि 27 अगस्त को वह किसी काम से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में गया था और मोटरसाइकिल वहां पार्क के आगे खड़ा किया था जो शाम को वापस आने के लिए देखा तो वहा नहीं मिला। जिसे किसी अज्ञात ने चोरी किया है। जांच अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा चोरीशुदा मोटर साइकिल बरामद की जा चुकी है।

रामलीला देखने भारी संख्या में पहुंच रहे दर्शक

# श्री रामलीला कमेटी कटला की रामलीला में हुआ अहिल्या उद्धार का मंचन



हिसार। कलाकारों को माला पहनते मुख्य अतिथि अंजनी कुमार खारिया वाले।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

श्री रामलीला कमेटी कटला द्वारा शहर के पुराना गवर्नमैंट कॉलेज मैदान में चल रही रामलीला में अहिल्या उद्धार व भगवान श्री राम व माता जानकी की पुष्प वाटिका में भेंट आदि प्रसंग का कलाकारों द्वारा मंचन किया गया। रामलीला देखने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कमेटी के प्रशासक एन के गोयल ने बताया कि बुधवार को रामलीला मंचन के मुख्य अतिथि महाराजा अग्रसेन भवन ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारिया वाले रहे। इस मौके पर डॉ ललित मोहन बंसल व विवेक गोयल अति वशिष्ठ अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। इसके अलावा दूनी चंद गोयल, प्रवीण गर्ग, शिवकुमार गोयल, प्रतीक बंसल, पुरुषोत्तम तायल, जयकुमार बंसल, अनिल सिंगला, बनारसी दास, विशाल गोयल ने वशिष्ठ अतिथि के तौर पर शिरकत की।

**श्रीराम से प्रेरणा लें : अंजनी**

मुख्य अतिथि अंजनी कुमार खारिया वाले ने कहा कि भगवान राम जन-जन के दिलों में बसते हैं। उनके आदर्श एवं मर्यादा पालन आज भी हमें रास्ता दिखाते हुए सद्मार्ग एवं नैतिकता की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। हमें भगवान श्री राम के जीवन से एक श्रेष्ठ राजा, श्रेष्ठ पति, श्रेष्ठ भाई व श्रेष्ठ मित्र के गुण ग्रहण करने चाहिएं। मुख्य अतिथियों ने कटला रामलीला कमेटी के सदस्यों व कलाकारों की सराहना की। इस मौके पर वीरभान बंसल. सज्जन गुप्ता, सुरेंद्र लाहौरिया,विनोद गुप्ता ऋषि राज बुडाकिया, विनोद कंसल, जनक राज, राजेंद्र बंसल नेताजी, राहुल गर्ग, राजेश शर्मा, चंद्रभान सोनी, राधेश्याम, प्रेम कश्यप, सूर्या गोयल, राकेश गुप्ता, विनोद वर्मा आदि उपस्थित रहे।



हिसार। श्री बद्री-केदार रामलीला का मंचन करते कलाकार। फोटो: हरिभूमि

श्री बद्री-केदार रामलीला में ताड़का वध और अहिल्या उद्धार लीला का मंचन

## ताड़का वध के दृश्य पर रामलीला मैदान 'जय श्रीराम' के जयकारों से गूंज उठा

**हिसार।** विद्युत नगर में चल रही श्री बद्री-केदार रामलीला में ताड़का वध और अहिल्या उद्धार लीला का मंचन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के निदेशक राजपाल सिंह सिंधु ने शिरकत की।

■ अहिल्या को उनके पति महर्षि गौतम ने दिया था श्राप

अध्यक्षता सतेंद्र मोहन ने की। स्वामी देवेंद्र बृजवासी महाराज, वृन्दावन धाम, मथुरा के तत्वाधान में तीसरे दिन मंचन की शुरुआत महर्षि विश्वामित्र के राजा दशरथ के दरबार में आगमन से हुई। विश्वामित्र ने दशरथ से यज्ञ की रक्षा के लिए राम-लक्ष्मण को वन भेजने की अनुमति मांगी। राम और लक्ष्मण विश्वामित्र के साथ वन में गए। वहां उन्होंने असुरों का वध कर राक्षसी ताड़का का अंत किया। ताड़का वध के दृश्य पर रामलीला मैदान 'जय श्रीराम' के जयकारों से गूंज उठा। वहीं दूसरी और मंचन में अहिल्या उद्धार लीला का प्रसंग रहा। अहिल्या को उनके पति महर्षि गौतम ने यह श्राप दिया था एक बार जब गौतम ऋषि कुटिया से बाहर गए थे, तब देवराज इंद्र ने उनका भेष बदलकर अहिल्या के पास पहुंचे । जब गौतम ऋषि लौटे, तो उन्होंने अहिल्या को देख लिया और क्रोध में आकर उन्हें पत्थर बन जाने का श्राप दिया था, गौतम ऋषि के श्राप से पत्थर बनी अहिल्या को राम के चरण स्पर्श से मुक्ति मिली। इस अवसर पर महेंद्र बडोला, मुकेश रावत, जगत राम (जोकर), उपेंद्र शर्मा, अनिल भट्ट, आदि मौजूद रहे।



नारनौंद। लोहारी राघो रामलीला में राम जन्म का मंचन करते कलाकार।

लोहारी राघो रामलीला का मंचन

## भगवान श्रीराम ने लिया अवतार लगे जयकारे, बांटी गई मिठाइयां

**नारनौंद।** श्री रामा रामलीला कल्ब द्वारा आयोजित की जा रही लोहारी राघो रामलीला में बुधवार को भगवान श्री राम का जन्म होते ही श्रद्धालुओं से खचाखच भरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट के साथ गुंजायमान हो उठा। भगवान राम के जन्म की खुशी में क्लब द्वारा श्रद्धालुओं से खचाखच भरे पंडाल में मिष्ठान बांटे गए। इससे पूर्व रामलीला में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे अनाज मंडी लोहारी राघो स्थित पूनिया फर्टीलाइजर के डायरेक्टर भरत सिंह पूनियां का स्वागत किया गया। उन्हें स्मृति चिह्न गदा भेंट कर सम्मानित किया। कलाकारों ने राम जन्म का बेहद ही सुंदर मंचन किया।

**यज्ञ करने की सलाह**

मंचन के अनुसार राजा दशरथ दरबार में अपनी बढ़ती आयु को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए गुरु वशिष्ठ से कहते हैं कि उनके पास भगवान का दिया सब कुछ है लेकिन अभी तक वे संतान सुख से वंचित हैं। इस पर गुरु वशिष्ठ उन्हें श्रृंगी ऋषी की अगुवाई में पुत्रेष्ठी यज्ञ करने की सलाह देते हैं। राजा दशरथ श्रृंगी ऋषी को बुलवाकर पुत्रेष्ठी यज्ञ करवाते हैं। तत्पश्चात राजा दशरथ के घर किलकारियां गूंज उठती हैं। इस अवसर पर गुलशन भ्याना, मुनीष चराया, अशोक चावला, डॉक्टर भूषण, रामप्रकाश उर्फ टीटी, इंद्रजीत आदि मौजूद रहे।

### मोक्ष वृद्धाश्रम में दिखाई जा रही रामायण

**हिसार।** बुजुर्गों को अध्यात्म से जोडने के लिए मोक्ष वृद्धाश्रम में नवरात्रों के दौरान बड़े पर्दे पर रामायण दिखाने की व्यवस्था की गई है। पहले नवरात्र पर पूरे विधि विधान से अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित करने के उपरांत रामानंद सागर कृत रामायण का प्रदर्शन शुरू किया गया। हर रोज सायंकाल सभी बुजुर्ग मोक्ष वृद्धाश्रम के प्रांगण में एकत्र हो जाते हैं और फिर रामायण देखते हुए प्रभु श्रीराम के जयकारे लगाने लगते हैं। मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक माता पंकज संधीर व प्रधान विजय भृगु ने बताया कि बुजुर्गों को धर्म-कर्म व अध्यात्म से जोड़े रखने के लिए समय-समय भजन संध्या, श्रीरामकथा व रामायण के प्रदर्शन का प्रावधान किया गया है।

## एनएसएस दिवस पर महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को अवार्ड प्रदान किए

■ एचएयू में एनएसएस दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। कुलपति ने कहा कि यह दिवस केवल एक आयोजन भर नहीं है बल्कि युवाओं में सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना को जगाने का प्रतीक है। राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को अवार्ड प्रदान किया गया जिनमें कृषि महाविद्यालय, हिसार के स्वयंसेवक विशु, सुमित, अन्नु, युक्ति छिल्लर, सुमित, कमल, कृषि महाविद्यालय बावल से पंकज, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय से दरबार तथा सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय से मोनिका व अव्वल शामिल हैं।

इस मौके पर छात्र कल्याण निदेशक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा, राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह आदि उपस्थित रहे।



हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

### कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**हिसार।** गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी एवं नेशनल सोशल सर्विस के संयुक्त प्रयासों से एक विशेष कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट लव अहूजा और अधिकार मित्र रविंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को जुवेनाइल जस्टिस एक्ट, चाइल्ड लेबर लॉ, पोक्सो एक्ट तथा आमजन को मिलने वाली निशुल्क कानूनी सहायता संबंधी अधिकारों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का सफल आयोजन संस्थान के प्राचार्य पारितोष पराशर के मार्गदर्शन एवं नालसा टीम के सहयोग से किया गया।

समिति ने दी पत्रकारों को जानकारी

## श्री रामदूतम सेवा समिति सालासर पैदल यात्रियों के लिए लगाएगी भंडारा



जानकारी देते श्री रामदूतम सेवा समिति के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

श्री रामदूतम सेवा समिति की ओर से श्री शरद पूर्णिमा महोत्सव एवं सालासर पैदल जाने वाले यात्रियों के लिए 27 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 24 घंटे का भंडारा लगाया जाएगाग।

इसके अतिरिक्त यात्रियों के लिए चिकित्सा की व्यवस्था भी की गई है। यह भंडारा राजगढ़ रोड पर स्थित श्री श्याम धर्म कांटा नजदीक रिलायंस पेट्रोल पंप पर आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी श्री रामदूतम सेवा समिति के अध्यक्ष कुल प्रकाश बंटी गोयल व समिति सदस्यों ने पत्रकारों से बातचीत में दी।

**प्रतिदिन होगा भजन-कीर्तन**

*सालासर पैदल यात्रियों के निमित्त स्थानीय ऑटो मार्किट स्थित श्रीबाला जी हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना करके विधिवत रूप से 41 दिन के लिए अखण्ड ज्योत प्रज्वलित की थी वही ज्योत अब 27 सितंबर को कार्यक्रम स्थल पर प्रज्वलित की जाएगी। जहाँ प्रतिदिन भजन कीर्तन होगा। इस अवसर पर प्रधान कुलप्रकाश बंटी गोयल के अलावा दयानंद सुथार, सुभाष बंसल, अनिल तनेजा, राहुल गर्ग, सुरेश शर्मा राजगढ़िया, अंशुल गोयल, अनिल महाजन सुभाष बडगुज्जर, अमित सिंगला, धर्मेंद्र कथूरिया, सुरेश बंसल, अतुल व पीयूष तनेजा आदि उपस्थित रहे।*

*प्रभु हर दिल में वास करता है जर्रे -जर्रे में वह समाया है.. ..*

आर्य समाज के वार्षिकोत्सव का दूसरा दिन

## शरीर की सुख-सुविधाओं के साथ आत्मा के लिए पुरुषार्थ भी करें : आचार्य योगेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

आर्य समाज, मॉडल टाउन के 73वें वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन की शुरुआत भी यज्ञ से हुई। यज्ञ में विद्यासागर खन्ना, अशोक गौतम, सुभाष आर्य सपत्नीक यजमान बने। यजमानों व उपस्थित लोगों ने आहुतियां डाली। यज्ञ के ब्रह्मा आर्य समाज के आचार्य सूर्यदेव वेदांशु ने प्रभु हर दिल में वास करता है जर्रे जर्रे में वह समाया है।

उसकी महिमा को जानते ही नहीं जिसने संसार यह बनाया है.. भजन सुनाकर यजमानों को आशीर्वाद दिया। भजनोपदेशक पण्डित नरेश निर्मल ने जब पाप कोई कर जाता है, हृदय कितना डर जाता है, उठती है नजर बड़ी शरमा कर, इंसान जिंदा मर जाता है... तथा सत्संगति और विमल मति से पत्थर मन कुंदन बन जाए, नीरस सा टुकड़ा शीशे का हाथों का कंगन बन जाए... भजन से सत्संग के महत्व को समझाया।



हांसी। आर्य समाज, मॉडल टाउन के वार्षिकोत्सव में प्रवचन देते आचार्य योगेश भारद्वाज व उपस्थित श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

**मैं कौन हूं?**

मुख्य वक्ता आचार्य योगेश भारद्वाज ने कहा कि प्रश्न ये है कि मैं कौन हूं? इसका समाधान देते हुए उन्होंने बताया कि जैसे मेरी गाड़ी, मेरे से अलग है लेकिन मेरा उस पर अधिकार है, ऐसे ही मेरे हाथ, मेरी आंखें, मेरे कान, मेरा शरीर, यह मेरे से अलग है, लेकिन मेरा इन पर अधिकार है। इसका मतलब है ये मैं नहीं हूं, फिर मैं क्या हूं? आओ हम शरीर की सुख सुविधाओं के साथ-साथ आत्मा के लिए पुरुषार्थ करें, वह है धैर्यशाली जीवन, क्षमा शीलता, सत्य व्यवहार, परोपकार, ईश्वर भक्ति आदि धर्म के प्रतीकों को धारण करना।

शिव शक्ति ध्यान शिविर में योग साधकों को दिए प्रवचन

## योग जीवन को टुकड़ों में नहीं बांटता, बल्कि उसे एक पूर्णता में देखता है : स्वामी शैलेंद्र



हिसार। शिव शक्ति ध्यान शिविर में साधकों को प्रवचन देते स्वामी शैलेंद्र सरस्वती व मां अमृत प्रिया।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

■ मां अमृत प्रिया ने योग के विविध आयामों को स्पष्ट किया

**हिसार।** शिव शक्ति ध्यान शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से पधारे साधकों को स्वामी शैलेंद्र सरस्वती ने प्रवचन देते हुए योग का महत्व विस्तार से समझाया। उन्होंने समझाया कि प्रत्येक प्रकार के योग का केंद्र साक्षीत्व है। फर्क सिर्फ इतना है कि कोई शरीर से प्रवेश करता है, कोई मन से, कोई हृदय से और कोई सीधे आत्मा के द्वार पर दस्तक देता है। योग जीवन को टुकड़ों में नहीं बांटता बल्कि उसे एक पूर्णता में देखता है। योग कोई कसरत नहीं है और न ही कोई सिद्धांत। योग एक पुल है, तुम्हारे और तुम्हारी आत्मा के बीच। समस्त योगों का मूल है साक्षीभाव। सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में चल रहे छह दिवसीय शिव शक्ति ध्यान शिविर में सोनीपत से आई मां अमृत प्रिया व शिविर के आयोजक स्वामी संजय ने भी तृतीय दिवस योग के विविध आयामों को स्पष्ट किया। स्वामी डॉ. चंद्रशेखर और दिल्ली से आए कर्नल स्वामी चैतन्य सागर ने सुबह और दोपहर तंत्र योग के दो ध्यान सत्र संचालित किए।

### लाडो लक्ष्मी योजना से महिलाएं होंगी आर्थिक रूप से लाभांवित

**हिसार।** भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने प्रदेश में विधिवत रूप से लाडो लक्ष्मी योजना का ऐप लॉन्च करके इसका शुभारंभ किए जाने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि योजना के शुरू होने से जरूरतमंद महिलाओं को फायदा होगा और वे आर्थिक रूप से मजबूत होंगी। डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को विधिवत रूप से ऐप लॉन्च करके लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ कर दिया है। इसके माध्यम से पात्र महिलाएं अपना पंजीकरण करवा सकती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने पिछले दिनों ही यह योजना शुरू करने की घोषणा की थी। योजना शुरू करने के साथ ही भाजपा ने विधानसभा चुनाव के समय किए गए अपने एक अन्य वादे को मूर्तरूप दे दिया है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, सोशल मीडिया प्रभारी अमर पातड़ व आईटी प्रमुख सुरेश जांगड़ा ने भी योजना का ऐप लॉन्च किए जाने का स्वागत किया है।

■ लाडो लक्ष्मी योजना का ऐप लॉन्च करने का स्वागत

**प्री क्वार्टर मुकाबले** ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी कंट्रोल बोर्ड के बैडमिंटन टूर्नामेंट में हुए रोमांचक मुकाबले

चीफ इंजीनियर ने कृष्ण स्वरूप ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया

## ज्योति ने अंजलि को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी कंट्रोल बोर्ड की 47वीं बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दिन कई रोमांचक मुकाबले हुए। पुरुष एकल के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में अभिजीत कौर ने राहुल कुमार को, भरत वशिष्ट में दिविज को, अशीष पवार ने घनश्याम कनाये को हराया। महिला एकल के प्री क्वार्टर मुकाबलों मे ज्योति पांड्या ने उर्मिला को, अंजलि सिंह ने प्रफुल्ला को, पूनम पिलानिया ने रेवाती मुले को, अनीता कुलकर्णी ने जागरूति दीक्षित को, मिछेल ने करुणा को, रजनी ने वैष्णवी को, हर्षा ने सुनीता को, रजनी धरने ने शीतल को हराया। ज्योति ने अंजलि को हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है।



हिसार। बैडमिंटन टूर्नामेंट में हिस्सा लेते खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

**हितेश-संजय की टीम क्वार्टर फाइनल में**

पुरुष डबल के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में हितेश व संजय की टीम ने महेंद्र व योगेश को टीम को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। पुरुषों के टीम मुकाबलों में पंजाब स्टेट पावर ने महाराष्ट्र डिस्कॉम को 3-1 से, उत्तर प्रदेश पावर ने हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप को 3-2 से हराकर फाइनल मे जगह बना ली है। महिलाओं के टीम मुकाबलो मे महाराष्ट्र डिस्कॉम ने राजस्थान विद्युत निगम को 2-0 से और गुजरात विकास निगम ने महाराष्ट्र स्टेट पावर को 2-1 से हराकर फाइनल मे जगह बना ली है। टूर्नामेंट के दूसरे दिन बिजली निगम की डायरेक्टर प्रोजेक्ट व टूर्नामेंट की अध्यक्ष इंजीनियर विनीता सिंह और चीफ गेस्ट के रूप मे चीफ इंजीनियर पीएंडडी कृष्ण स्वरूप ने खिलाड़ियों का उत्साह बढाया।

### कबड्डी प्रतियोगिता में नारनौंद की टीम रही विजेता



नारनौंद। खिलाड़ियों को इनाम देकर सम्मान करते हुए थाना प्रभारी बलवान सिंह व अन्य।

**नारनौंद।** नशा मुक्ति अभियान के तहत थाना प्रभारी बलवान सिंह ने खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए नारनौंद के सरकारी स्कूल में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। थाना प्रभारी बलवान सिंह ने बताया कि फाइनल मैच में नारनौंद की टीम व माजरा की टीम के बीच खेल गया। इस कांटेदार मुकाबले में नारनौंद की टीम ने नारनौंद बी टीम को 21-20 से हराकर कर जीत हासिल की। विजेता टीम को पुलिस की तरफ से आकर्षक इनाम देकर सम्मानित किया।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गांव तलवंडी राणा की मेन चंडीगढ़ रोड पर विश्वकर्मा जांगड़ा धर्मशाला व भैरव मंदिर के पास आंगनवाड़ी कंडम हो चुकी है। इन दोनों बिल्डिंग को तोड़ने की बोली 2/10/2025 को सुबह 10:00 बजे पंचायत घर में रखी गयी है। जो भी व्यक्ति बोली में भाग लेना चाहता है समय से पहुँच जाए, बाकि शर्तें मौके पर बताई जाएँगी।

ग्राम सचिव अन्नू - सरपंच दयाल सिंह मोलिया

82219 88484

ग्राम पंचायत तलवंडी राणा, हिसार -1

## खबर संक्षेप

### बाइक रैली निकाल कर किया जागरूक

**नारनौंद।** उप पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र नैन व थाना प्रभारी बलवान सिंह के नेतृत्व में नारनौंद से बास तक एक भव्य बाइक रैली निकालकर लोगों को जागरूक करने का काम किया। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को यातायात अनुशासन, सड़क सुरक्षा, सामाजिक एकता और जिम्मेदार नागरिकता के प्रति जागरूक करना रहा। बाइक रैली में पुलिस अधिकारियों ने हेलमेट पहनकर आम जनता के सामने अनुशासन का उदाहरण प्रस्तुत किया।

### डीएसपी सिद्धार्थ को एसपी ने लगाए स्टार

**हांसी।** एसपी अमित यशवर्धन ने गुरुवार को प्रशिक्षण अवधि पूर्ण कर पदोन्नत हुए उप पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के कंधों पर स्टार लगाकर सम्मानित किया। एसपी ने उन्हें शुभकामनाएं दी। स्टार लगने के साथ ही जिम्मेदारियां और अधिक बढ़ जाती हैं। प्रशिक्षण अवधि के दौरान सिद्धार्थ बिश्नोई ने एसएचओ सदर हांसी के रूप में भी सेवाएं दी।

### हकृवि में यूनियन की आम सभा आज

**हिसार।** ग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी स्वीपर्स यूनियन कार्यकारिणी की बैठक प्रधान कालू राम की अध्यक्षता में हुई जिसमें सामूहिक महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाने पर चर्चा हुई। उपप्रधान संजय तिवारी ने बताया कि 26 सितंबर को हकृवि स्वीपर्स की आम सभा करने का निर्णय लिया गया।

## भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती मनाई

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय थे महान विचारक व चिंतक : डॉ. कमल गुप्ता

शहर से गांवों तक कार्यक्रमों का आयोजन अंत्योदय के जनक को किया नमन, जीवन में विचारों को अपनाकर देश व समाज के विकास को आगे आने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भारतीय जनसंघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारतीय राजनीति के महान चिंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय में बड़े हर्ष और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ

उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें स्मरण करते हुए उनके जीवन और विचारों को वर्तमान समय में भी मार्गदर्शक बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय 20वीं सदी के महान दार्शनिक, विचारक और चिंतक थे।

इस मौके पर पूर्व पार्षद भूप सिंह रोहिल्ला, सुरेश गोयल धूप वाला, रामचंद्र गुप्ता, प्रो. मनदीप मालिक, सुरेंद्र सिंह सैनी, सतीश सुरलिया, लोकेश असीजा, महाबीर जांगड़ा, प्रकाश अग्रवाल, भूप सिंह रोहिल्ला, दीपक अग्रवाल, मोहित गोयल, उमेद खन्ना, प्रोमिला पुनिया, विनोद तोशावड़, डॉ. उषा सिंह, सुरेश गोयल, महेन्द्र पानू व धर्मवीर पानू, राकेश उपस्थित रहे।



हिसार। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते डॉ. कमल गुप्ता व अन्य। फोटो : हरिभूमि



हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व विधायक सीताराम यादव।

### सपनों को साकार कर रही सरकार

**हिसार।** पूर्व विधायक सीताराम यादव ने कहा है कि केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकारें अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार कर रही है। दोनों सरकारों का तीसरा कार्यकाल है और इस दौरान इन सरकारों में हर नीति अंत्योदय के सिद्धांत को ध्यान में रखकर बनाई गई है। उन्होंने जिला कार्यालय में जयंती पर यज बात कही। जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि अंत्योदय के तहत कार्य करके हमें पंडित दीन दयाल उपाध्याय के सपनों को साकार करना है। पूर्व सांसद डॉ. डीपी वत्स, पूर्व मंत्री अनूप धानक, जिला महामंत्री कृष्ण सरसाना, जिला उपाध्यक्ष संजीव रेवड़ी, सतीश सुरलिया, मुनीश ऐलावादी, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, कुलदीप डेलू, अजय बेनीवाल, राजकुमार इंदौरा, रामचंद्र गुप्ता, रत्न सैनी, सुरेश धूपवाला, महेन्द्र सिंह पानू, डीएस पानू, पिंकी शर्मा, सुनीता रेड्डू इत्यादि मौजूद रहे।



हांसी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया, प्रवीण सिंगला व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### विश्व के लिए प्रेरणा स्त्रोत : रतेरिया

**हांसी।** पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर हांसी विधानसभा के बूथ नं. 94 पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। बूथ पालक एवं सीएम विंडो सीटीजन प्रवीण सिंगला ने बताया कि इस अवसर पर भाजपा जिला हांसी के जिला महामंत्री एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद और अंत्योदय दर्शन न केवल भारत अपितु पूरे विश्व के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वदेशी के प्रबल समर्थक थे। वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रहे नवाचारों को अपनाने के खिलाफ नहीं थे बल्कि देश की जरूरत की चीजों का निर्माण भारत में ही करना चाहते थे ताकि दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता कम से कम हो। उन्होंने कहा कि आज ही हरियाणा सरकार उन्हीं के नाम पर दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ किया।

### अर्बन मंडल में मनाई जयंती

**हिसार।** सेवा पखवाड़ा के तहत अर्बन मंडल में भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजीव रेवड़ी के कार्यालय बूथ नंबर 132 मॉडल टाउन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राहुल सैनी ने की जबकि जिला उपाध्यक्ष संजीव रेवड़ी संयोजक रहे। सेवा पखवाड़ा मंडल संयोजक प्रधान धर्मवीर सिंह पानू, सह संयोजक वीरेन्द्र सोनी व महामंत्री देशबंधु कौशिक, सरोज सिहाग, डॉ. दिव्या सेठी, पार्षद डॉ. सुमन यादव, पार्षद जगमोहन मित्तल, पार्षद संजय डालमिया, पूर्व पार्षद प्रीतम सैनी, डॉ. रमेश आर्य मौजूद रहे।

# छात्राओं को सेवा भावना अपनाने का दिया संदेश

- श्री सनातन धर्म कन्या विद्यालय में एनएनएस के स्थापना दिवस पर कैंप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को एनएसएस के 57 वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या रेणु बंसल ने रिबन काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने छात्राओं को सेवा भावना अपनाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। उन्होंने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयं सेविकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



हांसी। एनएनएस स्थापना दिवस पर स्वयं सेविकाओं को संबोधित करती एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रमता रानी उनके साथ हैं स्कूल प्राचार्या रेनू बंसल फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विद्यालय संरक्षक सज्जन कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष प्रीतम कुमार गोयल, प्रबंधक रजत कुमार अग्रवाल, सचिव नकुल कुमार अग्रवाल, सह सचिव ईश्वर कुमार गोयल, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत गोयल ने अपने संबोधन में स्वयं सेविकाओं को कहा कि यह दिन युवा शक्ति को सामाजिक सेवाओं और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित करने की प्रेरणा देता है। कैंप के दौरान एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रमता रानी, विद्यालय उप प्राचार्या रिचा रानी, कविता सैनी, अंजुला, टीना गोयल, नीतू सैनी, अनीता मखीजा, सुनीता शर्मा व सुश्री प्रेरणा सहित सभी स्वयं सेविकाएं उपस्थित रही।

### वेस्ट को बनाएं बेस्ट व उपयोगी : निगमायुक्त



नीरज, निगमायुक्त।

हिसार। त्योहारी सीजन के आते ही हर घर में साफ-सफाई और सजावट का सिलसिला शुरू हो जाता है। इसी क्रम में निगमायुक्त नीरज ने शहर के लोगों से अपील की हैं कि घर की सफाई के दौरान निकलने वाले पुराने सजावटी सामान या अन्य वस्तुओं को कचरा संग्रहण वाहन में न डालें। इसके बजाय इन वस्तुओं को नगर निगम द्वारा स्थापित 'मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर (एमआरएफ)' मधुबन पार्क में बनाए गए एमआरएफ सेंटर में पहुंचाएं।नागरिकों का यह कदम न केवल शहर को साफ और स्वच्छ बनाने की दिशा में सहायक होगा, बल्कि इससे कचरे के री-साइक्लिंग को भी बढ़ावा मिलेगा।

# सोनिया ने बनाई सबसे सुंदर रंगोली



बरवाला। प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ खड़े प्रभारी शिक्षक अन्य।

- राजकीय महाविद्यालय में प्रतिभा खोज कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

राजकीय महाविद्यालय में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के तहत रंगोली, वाद-विवाद एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। रंगोली प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा सोनिया ने प्रथम स्थान और बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा काजल ने द्वितीय स्थान तथा बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा योगिता ने तृतीय स्थान हासिल किया। चित्रकला प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा अनु ने प्रथम स्थान और बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा प्रीति ने द्वितीय स्थान तथा छात्र मीनू एवं कोमल ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में हसनुद्दीन ने प्रथम स्थान और छात्रा याचिका ने द्वितीय स्थान तथा बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा अनु ने तृतीय स्थान हासिल किया।

महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या रेखा सलूजा द्वारा सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया।

### बंदा बहादुर स्कूल में तीन दिवसीय शिविर शुरू

**हांसी।** बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में गुरुवार को हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स प्रवेशिका शिविर का शुभारंभ हुआ शिविर का संचालन नरेश कुमार व उसकी सहयोगी टीम के द्वारा किया गया। शिविर में स्कूल के करीब 100 विद्यार्थियों ने स्काउट प्रतिभागी के तौर पर भाग लिया। शिविर के प्रथम दिन नरेश कुमार ने विद्यार्थियों को स्काउट व गाइड के बारे में अवगत कराया विद्यार्थियों को सही तरीके से प्राथमिक चिकित्सा के गुरु सिखाए। नरेश कुमार ने बताया कि यह शिविर 3 दिन तक चलेगा। जिसमें में विद्यार्थी स्वयं टेंट बनाना, आत्म रक्षा के गुर, ध्वजारोहण व ध्वज के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल लवली चावला और शिक्षण प्रबंधक पवन रावल ने रिबन काट कर शिविर का शुभारंभ किया व और विद्यार्थियों को शिविर में मन लगाकर सीखने व सीखे हुए गुणों को अपने जीवन में प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।




# हिंदी काव्य-पाठ में छात्रा आरती प्रथम

- डीएन कॉलेज में प्रतिभा खोज कार्यक्रम, गजल में दर्शना और हरियाणवीं काव्य पाठ में में अंकित ने प्राप्त किया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



दयानंद कॉलेज में प्रतिभा खोज कार्यक्रम के तहत हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी, उर्दू, पंजाबी, हरियाणवी काव्य-पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रस्तुति कौशल सभी सफलताओं का आधार है।

हिंदी काव्य-पाठ प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा आरती ने प्रथम स्थान, बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र बसंत ने द्वितीय स्थान, बीसीए प्रथम वर्ष के छात्र अमित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृत काव्य-पाठ प्रतियोगिता बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा स्मिथा प्रथम स्थान, बीए प्रथम वर्ष की छात्रा दर्शना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

हरियाणवी काव्य-पाठ प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष वर्ष के छात्र अंकित ने प्रथम स्थान, बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अंकित ने द्वितीय स्थान, बीए प्रथम वर्ष के छात्र विष्णु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उर्दू गजल में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा दर्शना ने प्रथम स्थान, बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा स्मिथा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. सुमन बाला, डॉ. संतोष रानी, प्रो. बिजेंद्र सिंह, प्रो. मंजीत, प्रो. रोहिताश्वानी व बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

# ताऊ के संघर्ष के साथी किए सम्मानित

- जेजेपी ने मनाई पूर्व उपप्रधानमंत्री देवीलाल की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पूर्व उपप्रधानमंत्री जननायक चौधरी देवीलाल के 112वें जन्मोत्सव पर जिला प्रधान अमित बूरा व जिला प्रभारी अनिल बालकिया के नेतृत्व में आठ जगह विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में देवीलाल की प्रतिमा पर माल्यर्पण किया गया। इस मौके पर देवीलाल के संघर्ष में साथ रहे सभी बुजुर्गों को शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला प्रधान अमित बूरा ने अपने संबोधन में कहा कि उप प्रधानमंत्री होते हुए भी चौ. देवीलाल एक साधारण जीवन जीते थे। दिल्ली से हिसार आते हुए गांव दर गांव में रुककर लोगों के बीच बैठकर उनका हालचाल जानते हुए उनकी समस्याओं का निवारण भी करते थे। देश व प्रदेश का ऐसा कोई गांव नही होगा जहां उनके सौहर्द, प्रेम व सहानुभूति को कोई याद ना करता हो।



हिसार। एचएयू में चौ. देवीलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण उपरांत उपस्थित पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सत्यवान बिचपड़ी, राजमल काजल, कैप्टन छाजूराम, छन्नो देवी, अजीत ओडीएम, गुलाब सिंह खेदड़, राजेंद्र चुटानी, रोहताश कंडूल, रामकुमार भट्ट, सत्यवान कुहाड़, राजेश झाझडिया, शमशेर ढुल, बाली भाटौल, मास्टर तारचन्द, तरुण गोयल, कर्ण सिंह देपल, पंकज मेहता, भरत सिंह बैनीवाल, जिला प्रवक्ता रवि आहूजा, गौरव सैनी आदि मौजूद रहे।

# हैप्पी पब्लिक स्कूल में रक्तदान शिविर 28 को

- जय बाबा परसानाथ ट्रस्ट ढाणी कुम्हारान का रहेगा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

हैप्पी पब्लिक स्कूल में 28 सितंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। रक्तदान शिविर कार्यक्रम के संयोजक विजेंद्र सिंह प्रजापति ने बताया कि रक्तदान जैसे पावन कार्य को समाजसेवा और मानव कल्याण की भावना से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि यह रक्तदान शिविर हैप्पी पब्लिक स्कूल हांसी व जय बाबा परसानाथ चैरिटेबल ट्रस्ट ढाणी कुम्हारान के सहयोग से लगाया जाएगा।



विजेंद्र सिंह प्रजापति।

उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. पवन कुमार होंगे। उनके साथ डॉ. योगी अनूप नाथ, राष्ट्रीय संयोजक, अखिल भारतीय वर्षीय योगीनाथ महासभा भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

इस अवसर पर स्वामी चंद्र देव महाराज तथा साध्वी सुजाता कृष्ण देव अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करेंगे।

# हिसार में होगा रविदासिया समाज का महासम्मेलन, तैयारियां तेज

- महासम्मेलन समाज की एकता में लिखेगा एक नया अध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा प्रदेश रविदासिया समाज का विशाल महासम्मेलन 23 नवंबर को हिसार में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज स्तर पर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महासभा हिसार के प्रधान एस.पी. चालिया ने प्रदेश के सभी जिलों में समाज की मीटिंग लेनी शुरू कर दी है। मीटिंग को अध्यक्षता डॉ. अंबेडकर सभा कैथल के प्रधान दलबीर राठी, जबकि संचालन गुरु रविदास सभा कैथल के प्रधान जगदीश मेहरा ने किया। बैठक में प्रतिनिधियों ने एक स्वर में सम्मेलन को ऐतिहासिक और सफल बनाने का संकल्प लिया। एस.पी. चालिया ने कहा कि 23 नवंबर के महासम्मेलन हरियाणा प्रदेश में रविदासिया समाज की एकता और संगठन का नया अध्याय लिखेगा। टीम को सक्रिय रूप से तैयारी में जुटने का आह्वान करते हुए गांव-गांव जाकर हर व्यक्ति को सम्मेलन से जोड़ा जाए।



हिसार। सम्मेलन को लेकर चर्चा करता रविदासिया समाज।

### योजना के लाभ के लिए अंतिम तिथि कल तक

हिसार। बिक्री कर की उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त तरूणा लांबा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई एक मुश्त समाधान योजना के तहत एक लाख रुपये तक के बकाया कर, ब्याज व जुर्माने की पूर्ण रूप से माफ किया जा रहा है। इसी प्रकार से एक लाख से 10 लाख रुपये तक के बकाया कर में से ब्याज और जुर्माने की पूर्ण माफी के साथ-साथ एक लाख रुपए तक की कर छूट तथा शेष कर की 40 प्रतिशत अदायगी का प्रावधान किया गया है तथा 10 लाख से 10 करोड़ रुपये के बकाया कर में ब्याज व जुर्माने की पूर्ण माफी के साथ-साथ एक लाख रुपये की कर छूट तथा शेष कर की 50 प्रतिशत की अदायगी का प्रावधान किया गया है। योजना के लाभ के लिए अंतिम तिथि 27 सितंबर निर्धारित की गई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005


## इंटरनेशनल इंटिग्रेटेड रिपोर्टिंग काउंसिल के फ्रेमवर्क के अनुसंबर की रिपोर्ट

# जिंदल स्टेनलेस प्रकाशित की अपनी पहली इंटीग्रेटेड रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिंदल स्टेनलेस में संचालन के हर पहलू में ईएसजी सिद्धांत पर विशेष फोकस : भट्टाचार्य

भारत की सबसे बड़ी स्टेनलेस स्टील निर्माता कंपनी जिंदल स्टेनलेस ने वित्त वर्ष 2025 के लिए अपनी पहली इंटीग्रेटेड रिपोर्ट प्रकाशित की। यह रिपोर्ट सभी हितधारकों के लिए पारदर्शिता, जवाबदेही और सस्टेनेबिलिटी वैल्यु क्रिएशन के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह रिपोर्ट इंटरनेशनल इंटिग्रेटेड रिपोर्टिंग काउंसिल (आईआईआरसी) के फ्रेमवर्क के अनुसार तैयार की गई है और यह अग्रणी वैश्विक सस्टेनेबिलिटी रिपोर्टिंग मानकों के अनुरूप है। भारत में निर्मित, विश्व के लिए निर्मित विषय पर आधारित यह रिपोर्ट व्यावसायिक विकास और ज़िम्मेदार विनिर्माण पर कंपनी के ध्यान और दुनियाभर में स्टेनलेस स्टील उत्पादों के मामले में अग्रणी बनने के इसके दृष्टिकोण को भी रेखांकित करती है।




रिपोर्ट पर टिप्पणी करते हुए जिंदल स्टेनलेस के ऑफिसर कल्याण कुमार भट्टाचार्य ने कहा कि जिंदल स्टेनलेस में संचालन के हर पहलू में ईएसजी सिद्धांत पर विशेष ध्यान दिया जाता है। हमारा मानना है कि पर्यावरणीय और सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए व्यवसाय करके दीर्घकालिक मूल्य स्थापित करना विनिर्माण के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है और इनोवेशन, दीर्घकालिकता व समावेशिता को लेकर हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हम अपने हितधारकों और लोगों की भलाई को ध्यान में रखते हुए व्यवसाय करते रहेंगे। रिपोर्ट में कंपनी के लिए परिवर्तनकारी माने की गईं प्रमुख उपलब्धियों का उल्लेख किया गया है। इनमें व्यापक डबल मटीरिल्टी एसेसमेंट का पूरा होना, ओडिशा के सबसे बड़े कैप्टिव सौर संयंत्र का चालू होना, और लोगों को सशक्त बनाने के लिए निर्धारित महत्वाकांक्षी ईएसजी लक्ष्यों की शुरुआत शामिल है।

### कंपनी के प्रदर्शन का विस्तृत विवरण, कार्बन उत्सर्जन में 50 फीसदी की कमी

*रिपोर्ट में कंपनी के प्रदर्शन का एक विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया है, जिसमें पर्यावरणीय प्रबंधन, समाज पर प्रभाव और संचालन पद्धतियों जैसे क्षेत्रों में फाइनेंशियल व नॉन फाइनेंशियल डिस्कलोजर शामिल हैं। इसमें कार्बन उत्सर्जन से मुक्ति के कंपनी के प्रयासों का उल्लेख है। कंपनी का लक्ष्य 2035 तक कार्बन उत्सर्जन में 50 प्रतिशत की कमी और 2050 तक उत्सर्जन को नेट जीरो करना है। रिपोर्ट में हरियाणा के हिसार और ओडिशा के जाजपुर में स्थित विनिर्माण संयंत्रों के आसपास रहने वाले लोगों को सशक्त बनाने के लिए जिंदल स्टेनलेस की पहलों के बारे में भी बताया गया है।*